हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 05 जनवरी 2025, समय 1305 (05 मिनट)

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि वह पिछले कुछ हफ्तों में चीन में फैले एच.एम.पी वायरस पर कड़ी निगरानी रख रहा है। मंत्रालय ने कहा कि भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद - आई.सी.एम.आर, एच.एम.पी वायरस के परीक्षण के लिए प्रयोगशालाओं की संख्या में वृद्धि करेगी और वर्षभर इस वायरस की प्रवृत्तियों पर निगरानी सुनिश्चित करेगी। मंत्रालय ने इस मुद्दे पर विचार करने के लिए नई दिल्ली में स्वास्थ्य सेवाएं महानिदेशक की अध्यक्षता में संयुक्त निगरानी समूह की बैठक बुलाई। महानिदेशक डॉ. अतुल गोयल ने लोगों को आश्वस्त किया है कि वर्तमान स्थिति में घबराने की कोई आवश्यकता नहीं है और लोगों को सावधानियां बरतने की ज़रूरत है।

****

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि हरियाणा को स्टार्टअप्स के लिए एक मुख्य केंद्र के रूप में स्थापित करना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री कल हरियाणा के स्टार्टअप उद्यमियों के साथ आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में सहकारिता और पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा भी मौजूद रहे। श्री नायब सिंह सैनी ने हर सफल स्टार्टअप उद्यमी को आगे 3 नए स्टार्टअप को बढ़ावा देने में सहयोग करने का संकल्प लेने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2025- 26 के बजट में राज्य सरकार स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए नई योजनाएं लाने पर विचार कर रही है, ताकि युवाओं को स्टार्टअप शुरू करने के लिए मार्गदर्शन और निधि की उपलब्धता हो सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि परंपरागत उद्योगों को बढ़ावा देने में स्टार्टअप बहुत बड़ी भूमिका अदा कर सकते हैं। गांवों में जाकर ऐसे परंपरागत कार्य करने वाले लोगों को जोड़कर उन्हें रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाए जा सकते हैं। मुख्यमंत्री ने

स्टार्टअप उद्यमियों को बजट के संबंध में सुझाव देने को कहा और उनके सुझावों को बजट में शामिल करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि उनसे प्राप्त सुझावों के आधार पर हरियाणा में स्टार्टअप्स की संख्या बढ़ाने के लिए नई योजनाएं बनाई जाएंगी।

****

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि हरियाणा को स्टार्टअप्स के लिए एक मुख्य केंद्र के रूप में स्थापित करना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री कल हरियाणा के स्टार्टअप उद्यमियों के साथ आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में सहकारिता और पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा भी मौजूद रहे। श्री नायब सिंह सैनी ने हर सफल स्टार्टअप उद्यमी को आगे 3 नए स्टार्टअप को बढ़ावा देने में सहयोग करने का संकल्प लेने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2025- 26 के बजट में राज्य सरकार स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए नई योजनाएं लाने पर विचार कर रही है, ताकि युवाओं को स्टार्टअप शुरू करने के लिए मार्गदर्शन और निधि की उपलब्धता हो सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि परंपरागत उद्योगों को बढ़ावा देने में स्टार्टअप बहुत बड़ी भूमिका अदा कर सकते हैं। गांवों में जाकर ऐसे परंपरागत कार्य करने वाले लोगों को जोड़कर उन्हें रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाए जा सकते हैं। मुख्यमंत्री ने स्टार्टअप उद्यमियों को बजट के संबंध में सुझाव देने को कहा और उनके सुझावों को बजट में शामिल करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि उनसे प्राप्त सुझावों के आधार पर हरियाणा में स्टार्टअप्स की संख्या बढ़ाने के लिए नई योजनाएं बनाई जाएंगी।

****

हरियाणा के सहकारिता और पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा है कि अगले 6 माह में पर्यटन विभाग द्वारा नई - नई योजनाओं को लागू कर पर्यटन को बढ़ावा दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए सुविधाएँ बढ़ाई जाएँगी। प्रदेश में पर्यटन को पारिस्थितिकी संस्कृति से भी जोड़ा

जाएगा। उन्होंने कहा कि ऐसा प्रयास किया जाएगा कि देश विदेश के पर्यटकों को हरियाणा में पर्यटन स्थलों की जानकारी आसानी से उपलब्ध हो सके।

****

रेलवे मंत्रालय कुंभ मेले के लिए 13 हज़ार रेलगाड़ियां चलाएगा। इनमें 3 हज़ार विशेष रेलगाड़ियां होंगी। ये रेलगाड़ियां महाकुंभ के दौरान 50 से अधिक दिनों तक चलेंगी। महाकुंभ में लगभग 40 करोड़ लोगों के आने की संभावना है। काबिले गौर है कि उत्तरप्रदेश के प्रयागराज में महाकुंभ इस महीने की 13 तारीख़ से 26 फरवरी तक चलेगा।

****